देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 15.05.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने आईटीडीए को हाईब्रिड मॉडल अपनाने के साथ ही लगातार अपनी क्षमता को बढ़ाने पर जोर दिया।
- कुमाऊं मंडल आयुक्त दीपक रावत ने ऊधमसिंह नगर जिले से संबंधित भूमि विवादों, अतिक्रमण और धोखाधड़ी के प्रकरणों की समीक्षा की।
- आदि कैलाश यात्रा का पहला दल आज सुबह पिथौरागढ़ से रवाना हुआ।
- शासन से स्वीकृत 3 करोड़ 36 लाख रुपये से रुद्रप्रयाग जिले के बधाणीताल की तस्वीर बदलेगी।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सचिवालय में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा की। इस दौरान सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी – आईटीडीए, सचिव ने प्रदेशभर में संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। मुख्य सचिव ने आईटीडीए को मजबूत करने के साथ ही सिस्टम अपग्रेड करते समय अगले 5 से 7 सालों की आवश्यकता के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आईटीडीए को हाईब्रिड मॉडल अपनाने के साथ ही लगातार अपनी क्षमता को बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विभागों द्वारा अपनी वेबसाईट्स और ऐप्लीकेशंस को विकसित करने का कार्य आईटीडीए के माध्यम से कराए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विभागों को क्लाउड सेवा भी आईटीडीए के माध्यम से उपलब्ध करायी जाएं। निदेशक नितिका खण्डेलवाल ने बताया कि साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में सिस्टम को लगातार अपग्रेड किया जा रहा है। साथ ही आईटीडीए द्वारा इन–हाउस सॉफ्टवेयर डेवेलपमेंट का कार्य भी बेहतर तरीके से चल रहा है।

कुमाऊं आयुक्त

कुमाऊं मंडल के आयुक्त और मुख्यमंत्री के सचिव दीपक रावत ने नैनीताल के कमिश्नरी कार्यालय में ऊधमसिंह नगर जनपद से संबंधित भूमि विवादों, अतिक्रमण और धोखाधड़ी के प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने ऐसे सभी मामलों का निस्तारण वैधानिक दस्तावेजों और साक्ष्यों के आधार पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विवादित भूमि के प्रकरणों में राजस्व अभिलेखों, नक्शों व अन्य वैधानिक दस्तावेजों का अवलोकन आवश्यक रूप से किया जाए। कुमाऊं आयुक्त ने जमीनों की धोखाधड़ी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने, सरकारी भूमि से अतिक्रमण तत्काल हटाने और दोषियों पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही भूमि संबंधी धोखाधड़ी के मामलों में त्वरित प्राथमिकी दर्ज कर विधिक कार्रवाई करने पर जोर दिया।

इस दौरान ऊधमसिंह नगर के जिलाधिकारी नितिन भदौरिया ने बताया कि नगला क्षेत्र में आरक्षित वन भूमि पर अतिक्रमण चिन्हित किया गया है। इसके लिए वन विभाग, राजस्व विभाग, पंतनगर विश्वविद्यालय

और लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम ने सर्वेक्षण किया है और अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

## दिशा बैठक

हरिद्वार सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में मेला नियंत्रण कक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति– दिशा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। साथ ही पिछली बैठक में दिए गये निर्देशों में की गई कार्यवाही की विभागवार समीक्षा की गई। सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आपसी समन्वय के अभाव में कोई भी जन कल्याणकारी योजना बाधित नहीं होनी चाहिए।

उधर, टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह की अध्यक्षता में उत्तरकाशी में दिशा की बैठक हुई। सांसद ने केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। साथ ही विकास कार्यों में तेजी लाने और समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा की गई कार्रवाई, परियोजनाओं की स्थिति आदि की जानकारी दी गई।

## आदि कैलाश यात्रा

कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा संचालित आदि कैलाश यात्रा का पहला दल आज सुबह पिथौरागढ़ से रवाना हुआ। मेयर कल्पना देवलाल ने हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। इस दल में तमिलनाडु और महाराष्ट्र सहित उत्तराखंड से 20 यात्री शामिल हैं। रवाना होने से पहले निगम के प्रबंधक दिनेश गुरूरानी ने यात्रियों को हिमालय बचाओ अभियान के तहत  शपथ दिलाई। साथ ही वृक्षारोपण कर उन्हें उच्च हिमालयी क्षेत्र में पौधारोपण के लिए पौधे भी दिए गए। उन्होंने यात्रियों से अपील की, कि वे उच्च हिमालयी क्षेत्र में कूड़ा ना फैलायें और वहां की जैव विविधता को सुरक्षित रखने में अपना सहयोग दें।

## बधाणीताल

शासन से स्वीकृत 3 करोड़ 36 लाख रुपये से रुद्रप्रयाग जिले के बधाणीताल की तस्वीर बदलेगी। ताल को चारों तरफ से सुरक्षित करने के लिए रेलिंग लगाई जाएगी। साथ ही सौंदर्यीकरण के कार्य के साथ ही यहां हट्स भी बनाई जाएंगी, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

इस वर्ष 14 अप्रैल को वैशाखी पर बधाणीताल पर्यटन एवं विकास मेले में पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बधाणीताल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा की थी। उन्होंने पर्यटन विभाग और ग्रामीण निर्माण विभाग को ताल के सौंदर्यीकरण और अन्य कार्य की डीपीआर बनाने के निर्देश दिए थे। विभागीय स्तर पर कार्ययोजना तैयार कर शासन को भेजी गई, जिसके तहत अब बधाणीताल के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों के लिए 3 करोड़ 36 लाख रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है। इस धनराशि

से बधाणीताल में पर्यटकों के लिए कैफे हाउस, ग्लास हाउस, बधाणीताल झील के चारों तरफ रेलिंग, सोलर लाइट और झील के मरम्मत कार्य शामिल हैं।

साथ ही यहां पर ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बधाणीताल में सौंदर्यीकरण व अन्य विकास भी किये जाएंगे। उधर, विधायक भरत सिंह चौधरी ने कहा कि बधाणीताल के विकास से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बधाणीताल एक खूबसूरत पर्यटक स्थल के रूप में नजर आयेगा।

राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित हैकाथॉन में भाग ले रहे विद्यार्थियों के नवाचार प्रोजेक्ट्स का अवलोकन किया। साथ ही उनसे संवाद कर उनके विचारों को सराहा। इस अवसर पर राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर में ए.आई आर. एंड डी हब, रोबोटिक्स लैब और इंटरनेट ऑफ थिंग्स लैब का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ए. आई अब स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर कृषि, शिक्षा और रक्षा तक, सभी क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही है। केंद्र सरकार द्वारा शुरू किया गया इंडिया एआई मिशन देश में एआई स्टार्टअप्स को बढ़ावा दे रहा है। उत्तराखण्ड जैसे राज्य में एआई का उपयोग आपदा प्रबंधन, पर्वतीय कृषि और स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। राज्यपाल ने उपस्थित विद्यार्थियों से कहा कि यह अत्यंत आवश्यक है कि आप इन तकनीकों के सिर्फ उपभोक्ता न बनें, बल्कि इनके निर्माता और नवाचारकर्ता बनें। भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आपका योगदान निर्णायक होगा। इस हैकाथॉन में प्रदेश के 08 विश्वविद्यालयों सहित कुल 25 संस्थानों की 216 टीमों ने हिस्सा लिया।